हमारी वित्तीय संस्थाएं

---

1. व्यावसायिक बैंक के किन्हीं तीन प्रमुख कार्यों की विवेचना करें।

उत्तर- व्यावसायिक बैंक विभिन्न प्रकार के कार्यों के द्वारा समाज एवं राष्ट्र की सेवा करते हैं। इसके निम्नलिखित तीन प्रमुख कार्य हैं

(i) जमा को स्वीकार करना – व्यावसायिक बैंकों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य अपने ग्राहकों से जमा के रूप में मुद्रा प्राप्त करना है क्योंकि इसी आधार पर वे अपने लाभ का एक प्रमुख भाग प्राप्त करते हैं। ये स्थायी जमा, चालू जमा, संचयी जमा, आवर्ती जमा के रूप में ग्राहकों के बचत को जमा करते हैं।

(ii) ऋण प्रदान करना – बैंक के पास जो रुपया जमा के रूप में आता है उसमें से एक निश्चित राशि नगद कोष में रखकर उचित जमानत के आधार पर एवं सेवा प्राप्ति हेतु उत्पादन एवं उपभोक्ता को ऋण प्रदान करते हैं।

(iii) उपयोगिता सम्बन्धी कार्य – बैंक अपने ग्राहकों को विभिन्न उपयोगिता सम्बन्धी सुविधा प्रदान करते हैं। बैंक यात्री चेक एवं साख प्रमाण पत्र, ए.टी.एम. एवं क्रेडिट कार्ड की सुविधा एवं लॉकर की सुविधा प्रदान करते हैं।

2. सहकारिता से आप क्या समझते हैं?

उत्तर- सहकारिता का अर्थ है मिल-जुलकर कार्य करना। जब यही कार्य आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया जाता है तो अर्थशास्त्र में सहकारिता कहलाता है। तात्पर्य यह कि एक संगठन जिसके अन्तर्गत दो या अधिक व्यक्ति मिल-जुलकर स्वेच्छापूर्वक आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्य करते हैं, सहकारिता कहलाती है।

3. स्वयं सहायता समूह से आप क्या समझते हैं? यह ग्रामीण विकास में किस प्रकार सहयोग करता है?

उत्तर- स्वयं सहायता समूह में प्रायः महिलाओं का 15-20 सदस्यीय अनौपचारिक समूह होता है जो अपने आर्थिक क्रियाकलापों से बचत करती है फिर बैंकों से लघु ऋण लेकर अपने सदस्यों के पारिवारिक जरूरतों को पूरा करती हैं। इनके द्वारा विकास की गतिविधियाँ चलायी जाती है। गाँवों के विकास का कार्य एवं महिला सशक्तिकरण इसके द्वारा सम्पन्न किया जाता है।

ग्रामीण विकास में सहयोग-स्वयं सहायता समूह के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की गति को बढ़ावा मिला है, क्योंकि इसमें छोटे-छोटे समूह बनने के कारण इनके आपसी सम्बन्ध बहुत अच्छे हो जाते हैं इसलिए यह एक-दूसरे की सहायता भी करते हैं तथा इनके बीच आपसी तालमेल व सहयोग की भावना भी विकसित हो जाती है तथा आपसी झगडे समाप्त हो जाते हैं।

4. व्यावसायिक बैंक के प्रमुख कार्यों का वर्णन करें।

उत्तर- व्यावसायिक बैंकों के प्रमुख कार्य इस प्रकार हैं- ये जमा राशि अपने ग्राहकों से स्वीकार करते हैं। (ii) ये ग्राहकों को ऋण प्रदान करते हैं। (iii) ये सामान्य उपयोगिता संबंधित कार्य सम्पादित करते हैं। (iv) ये एजेंसी संबंधी कार्य करते हैं।

5. निम्न के विस्तारित रूप लिखें।

(a) आर. बी० आई. (b) जी. एन. पी (c) जी.डी. पी (d) एन. एस. एम. ओ. असा (e) नाबाई (f) एस. एच० जी।

उत्तर- (a) Reserve Bank of India (b) Gross National Product (c) Gross Domestic Product (d) National Sample Survey Organ, (e) National Employment Guarantee Act (f) Self Help Group.

6. वित्तीय संस्थान से आप क्या समझते हैं? यह कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर- संस्थाएँ जो आर्थिक विकास के लिए उद्यम एवं व्यवसाय के वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कार्य करती हैं, वित्तीय संस्थाएँ कहलाती हैं। ये वित्तीय संस्थाएँ राज्य संबंधित होती हैं तथा केन्द्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिए गए निर्देशों के अधीन निश्चित मापदण्ड पर काम करती हैं। यह तीन प्रकार के होते हैं।